बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-396
18/06/2026

# बिहार विभूति स्व0 डॉ0 अनुग्रह नारायण सिंह को उनकी जयंती पर किया गया नमन

पटना 18 जून 2026 :– बिहार विभूति स्व0 डॉ0 अनुग्रह नारायण सिंह की जयंती पर राजकीय समारोह का आयोजन किया गया। बिहार विधानमंडल परिसर स्थित डॉ0 अनुग्रह नारायण सिंह जी की आदमकद प्रतिमा पर मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शत्–शत् नमन किया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, उच्च शिक्षा एवं विधि मंत्री श्री संजय सिंह टाइगर, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री अशोक चौधरी, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री श्री लखेन्द्र कुमार रौशन, विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री श्रीमती शीला कुमारी, समाज कल्याण मंत्री डॉ0 श्वेता गुप्ता, गन्ना उद्योग मंत्री श्री संजय कुमार, विधायक श्री श्याम रजक, विधायक श्री माधव आनंद, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, विधान पार्षद श्रीमती कुमुद वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भी बिहार विभूति डॉ0 अनुग्रह नारायण सिंह जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती पूजन, राष्ट्रीय गीत, राष्ट्र गान, बिहार गीत एवं देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया गया।

******